तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **बुधाराम पटेल** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी लूणी)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353705162007814	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
29/04/26	अपीलार्थी बुधाराम पटेल निवासी देवपुरा, ढाढिया, लूणीं, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी लूणी) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 16.03.2026 राजस्व ग्राम देवपुरा, तहसील लूणी जिला जोधपुर में खसरा संख्या 253/01, 253/06 से संबंधित मार्ग निर्धारण, सीमांकन, विद्यालय भूमि, आवास योजना तथा प्रशासनिक फाइल अभिलेखों के संबंध में सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, लूणी) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, लूणी) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट 183 दिनांक 17.04.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी द्वारा चाही गई 31 बिन्दूओं की सूचना में से 23 बिन्दू अन्य कार्यालयों से संबंधित होने के कारण सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत अंतरित कर प्रार्थी को सूचित कर दिया गया है तथा शेष 8 बिन्दूओं की सूचना से संबंधित समस्त दस्तावेज/पत्रावलियां अक्टूबर 2025 तक की जिला अभिलेखागार कार्यालय जिला कलक्टर जोधपुर में जमा करवा दी गयी है। इस कारण सूचना दी जानी संभव नहीं है। इस संबंध में अपीलार्थी को कार्यालय के पत्रांक 153 दिनांक 08.04.2026 द्वारा सूचित कर दिया गया था। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर	

RajKaj Ref No.:
21895122
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.29 21:18:25 IST
Reason: Approved